# कार्यालय पुलिस उपायुक्त (अपराध), पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

दिनांक- 19-08-2025

**विषयः पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल द्वारा हाल ही में गठित एसओजी-2 टीम की कार्रवाई, थाना भेलूपुर अन्तर्गत एक घर में चल रहे अनैतिक देह व्यपार का किया पर्दाफाश।**

- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन तथा डीसीपी क्राइम श्री सरवणन टी. के नेतृत्व में SOG-2 टीम द्वारा थाना भेलूपुर क्षेत्राअन्तर्गत शीलनगर मे एक घर मे चल रहे अनैतिक देह व्यापार के विरुद्ध की गयी प्रभावी कार्यवाही।**
- **मौके से ₹14,492/- नगद, 08 एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं अन्य आपत्तिजनक वस्तुएँ बरामद।**
- **कार्यवाही के दौरान 05 महिलाएँ, 01 ग्राहक, संचालक तथा मकान मालिक को किया गया गिरफ्तार।**

  **अभियुक्तगण का विवरणः-**

  1. **टिंकू शर्मा पुत्र लालजी शर्मा नि0 गोपीगंज जनपद भदोही उम्र 38 वर्ष (संचालक)**
  2. **शेख साकिर हुसैन पुत्र शेख राजू नि0 दक्षिण नरायनपुर पुरा हुगली पश्चिम बंगाल उम्र 29 वर्ष (ग्राहक)**
  3. **कुंदन सिंह पुत्र जय कुमार सिंह नि0 शीलनगर तुलसीपुर महमूरगंज थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र 55 वर्ष (मकान मालिक)**

- **कार्रवाई के दौरान CCTV फुटेज संग्रह, मोबाइल डेटा एनालिसिस एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों को सुरक्षित किया गया है।**

आज दिनांक 19.08.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन एवं डीसीपी क्राइम श्री सरवणन टी. के नेतृत्व में गठित SOG-2 टीम द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना भेलूपुर क्षेत्रान्तर्गत शीलनगर स्थित एक घर में चल रहे अनैतिक देह व्यापार का पर्दाफाश किया।

छापेमारी के दौरान मौके से ₹14,492 नगद, 08 एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं अन्य आपत्तिजनक वस्तुएँ बरामद की गईं तथा 05 महिलाएँ, 01 ग्राहक, संचालक टिंकू शर्मा (38 वर्ष, निवासी गोपीगंज, भदोही) एवं मकान मालिक कुंदन सिंह (55 वर्ष, निवासी शीलनगर, वाराणसी) को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राहक शेख साकिर हुसैन (29 वर्ष, निवासी हुगली, पश्चिम बंगाल) भी पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने CCTV फुटेज, मोबाइल डेटा एनालिसिस एवं अन्य फॉरेंसिक साक्ष्यों को सुरक्षित कर लिया है,

**मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त (अपराध),**
**वाराणसी।**